**28 जुलाई 2015 को बी0सी0 निगम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक की बोकारो प्रक्षेत्र की भ्रमण टिप्पणी–**

सर्वप्रथम बोकारो प्रक्षेत्र के सभी वन प्रमंडल अधिकारियों, यथा– गिरिडीह पूर्वी एवं पश्चिमी वन प्रमंडल, धनबाद वन प्रमंडल एवं रामगढ़ वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारियों ने अपने–अपने प्रमंडल के संबंध में संक्षिप्त प्रजेंटेशन दिया, जिससे बोकारो प्रक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी वन प्रमंडलों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्राप्ति हुई ।

2. इस कम में सभी वन प्रमंडलों के कार्यकलाप की समीक्षा भी की गई । अधिकतर वन प्रमंडलों ने उनके अधीन कार्यरत् वनकर्मियों के एम0ए0सी0पी0/ए0सी0पी0 एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के पावनाओं का निष्पादन तत्परता से किया एवं इस तरह के अधिकतर मामलों की स्थिति अच्छी पाई गई ।

3. चास–चंदनकियारी पथों पर वृक्षारोपण का निरीक्षण किया । वृक्षारोपण 3 वर्ष पूर्व का है, जिसमें 1000 पौधे लगाए गए थे । पौधों की स्थिति सामान्य पाई गई ।

4. बाराजोर पी0एफ0 में कैंपा योजना के अंतर्गत भूमि संरक्षण एवं वनरोपण योजना के तहत 50 हेक्टेयर क्षेत्र में किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण किया । क्षेत्र में कुल 83300 पौधे लगाए गए हैं । यह कार्य एन0पी0बी0 मद में उपलब्ध राशि से किया गया है। वृक्षारोपण की स्थिति ठीक पाई गई एवं संबंधित अभिलेख तैयार पाए गए ।

5. बोकारो स्थित वन संरक्षक, कार्य नियोजना के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया एवं कार्यालय को जल्द–से–जल्द आरंभ करने का निदेश दिया गया।

6. पेटरवार में सामुदायिक भवन एवं वन विश्रामागार का निरीक्षण किया गया तथा ग्राम वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई । बैठक के कम में यह जानकारी प्राप्त हुई कि समितियों द्वारा वन सुरक्षा के लिए काफी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव वन सुरक्षा पर पड़ा है । ग्रामीणों ने गैर काष्टीय वन पदार्थ के संग्रहण एवं उपयोग के बारे में काफी जानकारी दी । वन अधिकारियों को निदेश दिया गया कि इस संबंध में संपूर्ण आंकड़ा जमा करें, जिसका लाभ भविष्य में योजना निर्माण में हो सके। । यह कार्य वन संरक्षक, वन कार्य नियोजना द्वारा किया जाए ।

7. पेटरवार वन विश्रामागार में विशेष मरम्मति कार्य कराकर इसकी स्थिति को और अधिक सुधारने का कार्य किया जाए ।

(बी0सी0 निगम)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखंडद्व रांची।

ज्ञापांक– 11E 19(A) 36/2015 — 2587 रांची, दि0–06.8.15

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी–सह–वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखंड, रांची / प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, रांची / सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड / सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखंड / सभी मुख्य वन संरक्षक, झारखंड / सभी वन संरक्षक, झारखंड / सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 11E 19(A) 36/2015 — 2589 रांची, दि0–06.8.15

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 11E 19(A)36/2015 — 2587 रांची, दि0–06.8.15

प्रतिलिपि : इन्विस सेंटर, रांची को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक